
मिस नेल्सन का मजेदार दिन


हैरी एलार्ड

जेम्स मार्शल

हिंदी: छाया भदौरिया



मिस नेल्सन का मजेदार दिन



हैरी एलार्ड


जेम्स मार्शल

हिंदी: छाया भदौरिया

मेरी धर्मपुत्री

शार्लोट कावानाघ एच.ए.

जैक कियर्नी जे.एम. के लिए




पिछले कुछ हफ़्तों से होरेस बी. स्मेडली स्कूल में उदासी छाई हुई थी। न तो कोई हँस रहा था और ना ही थूक के गोले बनाकर फेंक रहा था। कोई मुस्कुरा भी नहीं रहा था। इससे मिस नेल्सन बहुत चिंतित थीं।

हर कोई उदास था।




यहाँ तक कि कैफेटेरिया की महिलाओं के चेहरे की भी चमक खो गई थी।

श्रीमान ब्लैंडवर्थ इतने उदास हो गए कि वे अपनी मेज के नीचे छिप गए।



उन्होंने कहा, "यह पूरे राज्य की सबसे ख़राब टीम है।"

और यह सच था - स्मेड्ली टॉरनाडोज़ बहुत ही दयनीय हालत में थे।



उन्होंने पूरे साल एक भी गेम नहीं जीता।

यहाँ तक कि उन्होंने एक अंक भी नहीं बनाया।




और हाल ही में, वे सिर्फ शरारत करने और

कोच को परेशान करने में ही रुचि रखते थे।

"अभ्यास क्यों करना है?" उन्होंने कहा। "हम तो वैसे भी हारने ही वाले हैं।

"अब हम इसके लिए तैयार हैं।" बूढ़े चौकीदार पॉप हैन्सन ने कहा।

"बड़ा थैंक्सगिविंग खेल आ रहा है, और सेंट्रल के वेयरवोल्व्स असली जानवर हैं। वे हमारी टीम को धूल चटा देंगे।" "क्या करना होगा?" मिस नेल्सन ने पूछा। पॉप ने कहा, "हमें एक अच्छे कोच की जरूरत है।"




उस दोपहर, जब मिस नेल्सन कॉपियों का मूल्यांकन कर रही थीं, तो उन्होंने ज़ोरदार हँसी सुनी।



हँसी शिक्षकों के लाउंज से आ रही थी।

कोच आर्मस्ट्रांग की हँसी छूट गई।



तभी मिस नेल्सन ने कहा,

"मैं हमारे लिए एक ताज़ा कॉफ़ी बनाकर लाती हूँ,"

जब कोच शांत हो गए,

तो मिस नेल्सन उन्हें टैक्सी में घर ले गईं।

"आपको लंबे समय तक आराम की ज़रूरत है।" उन्होंने कहा।



अगले दिन पी.ए. पर यह घोषणा की गई

कि कोच आर्मस्ट्रांग खसरे के कारण लम्बे समय

तक खेल से बाहर रहेंगे।

लड़कों ने पूछा, “तो अब उनकी जगह कौन लेगा?"

जब मिस नेल्सन स्कूल के बाद लुलु के पास से गुज़रीं,

तो एक गंभीर चर्चा चल रही थी।

एक बच्चे ने कहा, "हमें किसी ऐसे व्यक्ति की जरूरत है

जो वास्तव में टीम को बड़े थैंक्सगिविंग गेम के लिए तैयार कर सके।

कोई ऐसा व्यक्ति जो जानता हो कि जीत कैसे हासिल की जा सकती है।"

एक अन्य बच्चे ने कहा, "बड़े ही दुख की बात है कि मिस वियोला स्वैम्प आसपास नहीं हैं।"

"कौन?" शहर में नये आए एक बच्चे ने पूछा।

"क्या तुमने कभी वियोला स्वैम्प के बारे में नहीं सुना?“

पहले बच्चे ने कहा।


"पूरी दुनिया में सबसे घटिया विकल्प?

वह एक असली चुड़ैल है।

उसे जीत हासिल कराने में कोई परेशानी नहीं होगी।"

मिस्टर ब्लैंडस्वर्थ ने यह बात सुन ली।

"हम्म," उन्होंने कहा।



"हम्म," मिस नेल्सन ने कहा।

और वह बिना समय बर्बाद किए घर पहुँच गईं।



अपनी अलमारी में इधर-उधर टटोलने के बाद

उन्हें वह चीज़ मिल गई जिसकी उन्हें तलाश थी

- एक बदसूरत काला स्वेट सूट।

इसके बाद उन्होंने एक ज़रूरी फ़ोन किया।

"मैं अभी आती हूँ," दूसरी तरफ़ से आवाज़ आई।

अगले दिन मिस्टर ब्लैंडस्वर्थ ने घोषणा की कि

हमेशा की तरह फुटबॉल का अभ्यास किया जाएगा।

" कोई भी हो," लड़कों ने कहा, "चलो उसको अच्छी तरह मजा चखाते हैं।"



कोच के कार्यालय के दरवाजे तेजी से खुले और बाहर निकली . . .

एक बदसूरत काली पोशाक वाली महिला..



"मेरा नाम वियोला स्वैम्प है," महिला ने कहा।

"और मैं यहाँ नतीजे हासिल करने आई हूँ।"

"यह ब्लैंडस्वर्थ है!" लड़के चिल्लाए।

और वे वहीं उस मैदान में उसकी हँसी उड़ाने लगे।



"ओह, शैतान!" ब्लैंड्सवर्थ ने कहा।

"उन्हें कैसे पता चल गया?"

तभी लड़कों ने चिरचिराते टेनिस जूतों की आवाज़ सुनी।

"मैं कोच स्वैम्प हूँ!" काले स्वेटसूट वाली महिला ने कहा।



"हे भगवान!" टीम चिल्लाई। "स्वैम्प!"

टीम के फुलबैक ने बचकर भागने की कोशिश की।

"इतनी जल्दी मत करो, मिस्टर स्मार्टी!" कोच स्वैम्प ने कहा।



"वाह! लड़कों में से एक ने कहा।

"क्या तुमने वह टैकल देखा?



कोच स्वैम्प एक असली विशेषज्ञ थीं।

उन्होंने तुरंत टीम को काम पर लगा दिया।




लड़कों ने कभी भी इतने सारे लेग रेज़ नहीं किए थे।

"और!" कोच स्वैम्प ने कहा।



वे इतनी तेज कभी नहीं दौड़े थे।

"और तेज!" कोच स्वैम्प चिल्लाए।



"यह तो अत्याचार है," लड़कों ने कहा।

"चुप रहो।" कोच स्वैम्प ने कहा

केवल कुछ दिनों में, स्मेड्ली टॉरनाडोज़ बेहतर दिखने लगे।



कोच स्वैम्प ने सच में उनसे कड़ी मेहनत करवाई।


हालाँकि, मिस्टर ब्लैंड्सवर्थ थोड़े उलझन में थे।



"वह मिस स्वैम्प कौन है?" उन्होंने कहा।

"शायद मिस नेल्सन जानती हैं। मैं जाकर पूछता हूँ।"

जब ब्लैंडस्वर्थ ने अंदर देखा तो मिस नेल्सन कॉपियों के मूल्यांकन में व्यस्त थीं।



"मैं उन्हें परेशान नहीं करना चाहता।

वैसे भी, उन्हें शायद पता नहीं होगा।" ब्लैंडस्वर्थ ने कहा।

मैदान पर, कोच स्वैम्प टीम से थोड़ी बातचीत कर रही थीं।



"और कभी भी मत सोचना कि तुम फिर से शरारत कर सकते हो,"

उन्होंने कहा।

"क्योंकि स्वैम्प तुम्हें देख रहा होगा!"


जब कोच आर्मस्ट्रांग आराम के बाद लौटे,

तो उन्होंने जो देखा उससे वे बहुत हैरान हुए।

खिलाड़ियों ने एक असली टीम की तरह खेला।

कोच आर्मस्ट्रांग ने कहा, "यह कैसे हुआ?"





"अरे," लड़कों ने कहा।




थैंक्सगिविंग डे पर, टॉरनाडोज़ ने वेयरवोल्व्स को सतत्तर से तीन के स्कोर से हराया।

यह हॉरिस बी. स्मेडली स्कूल के लिए एक शानदार दिन था।



मिस ब्लैंड्सवर्थ ने पूरी टीम को लुलु में हॉट डॉग खिलाए।

मिस नेल्सन थकी हुई लेकिन खुश होकर घर लौटीं।





"कभी-कभी आपको कठोर होना पड़ता है," उन्होंने अपनी बहन बारबरा से कहा।

"और वैसे, मेरी जगह भरने के लिए धन्यवाद।" "कभी भी" बरवारा ने कहा। "कभी भी।"